बच्चों में गंभीर कुपोषण

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में किये गए अध्ययन के अनुसार भारत में **'ज़ीरो-फूड चिल्ड्रेन'** की व्यापकता **19.3%** है जो बच्चों की भोजन तक पहुँच में अत्यधिक कमी को दर्शाता है।

- **ज़ीरो-फूड चिल्ड्रेन** का तात्पर्य **छह माह से 23 माह की आयु** के उन शिशुओं से है जिन्हें **24 घंटे की अवधि तक** किसी भी प्रकार का **भोजन प्राप्त नहीं होता है।**
- इस अध्ययन के अनुसार **ज़ीरो-फूड चिल्ड्रेन के संबंध में भारत का स्थान तीसरा** है और पहला तथा दूसरा स्थान क्रमशः **गिनी (21.8%) एवं माली (20.5%)** का है।
    - **'ज़ीरो-फूड चिल्ड्रेन'** के उच्च प्रतिशत के साथ उत्तर प्रदेश इस संकट के संबंध में एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है।
- **ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023** के अनुसार भारत में चाइल्ड वेस्टिंग दर **18.7%** है जो विश्व में सर्वाधिक दर है।
    - इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5 के अनुसार, भारत में पाँच वर्ष से कम आयु के 35.5% बच्चे स्टंटिंग के शिकार हैं।

और पढ़ें...भारत में कुपोषण

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/severe-malnutrition-among-children